## सार-समाचार

### 'शिवपुराण पुस्तक नहीं, प्राण तत्व'

**कानोड़,** (निसं)। नगर की नृसिंह वाटिका में चौबीसा समाज द्वारा आयोजित शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त शिव पुराण कथा के प्रथम दिन श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए कथावाचक धर्मेंद्र शास्त्री माराज ने कहा कि आप ओर हम लोग भाग्यशाली है कि हमें शिव कथा श्रवण का लाभ मिल रहा है यह कथा सौभाग्यशाली ही सुन पाते है, इसके लिए रीता होकर आना अनिवार्य है ,अहंकार जनित व्यक्ति को शिव पुराण कथा श्रवण का लाभ नहीं मिलता। शास्त्री ने कहा कि शिव पुराण केवल पुस्तक नहीं है यह जीवन का सार रूप प्राण तत्व है।

### फॉर्च्यून कंप्यूटर को मिला टॉपर अवार्ड

**भीम,** (निसं)। फॉर्च्यून कंप्यूटर भीम ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ 130 कंप्यूटर ज्ञान केंद्र (आईटी ज्ञान केंद्र) में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड और पार्थ नॉलेज प्राइवेट लिमिटेड जयपुर द्वारा पूरे राज्य में संचालित 564आईटीजीके कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्रों में से 130सर्वश्रेष्ठ केंद्रों का चयन किया गया, जिसमें फॉर्च्यून कंप्यूटर भीम को ''आई टी जी के टॉपर अवार्ड'' से सम्मानित किया गया।

### फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**डूंगरपुर,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के भाटपुर गांव में एक महिला अपने घर में फंदे पर लटकी मिली। महिला के कपडे भी खून से लथपथ मिले। जबकि पति और बच्चे घर के बाहर ही सोए थे। पीहर पक्ष ने 7 बच्चों की मां की मौत पर शक जताते हुए जांच की मांग रखी है। सदर थाना एएसआई ने बताया कि भाटपुर निवासी रमिला पत्नी रमेश कटारा का शव घर में ही फंदे पर लटका हुआ मिला। रविवार रात को खाना खाने के बाद रमिला नए घर में सो गई। जबकि पति रमेश पास ही पुराने घर के बाहर आंगन में सोया था। वहींए दोनों के 7 बच्चे नए घर के बाहर सोए थे। रात करीब 3 बजे पति उठा और घर का दरवाजा खटखटाया तो पत्नी नहीं उठी। जिस पर उसने घर में देखा तो पत्नी फंदे पर लटकी हुई थी। घटना के बाद सनसनी फैल गई और लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर सदर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। घटना की सूचना पर डेडको का बेला गांव से रमिला के पीहर पक्ष से लोग मौके पर पहुंचे। घटना स्थल और महिला के कपडों पर लगे खून को देखकर मौत पर शक जताया। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर डूंगरपुर श्रीहरिदेव जोशी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने पीहर पक्ष के लोगों से निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

### बहन की हत्या का आरोपी भाई गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। धंबोला थाना पुलिस ने बहन की हत्या के आरोपी भाई को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भाई फरार चल रहा था। झगडे में बीच-बचाव में आने पर बहन के सिर पर लट्ठ लगने से उसकी मौत हो गई थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जिले के धंबोला थानाधिकारी ने बताया की लिखतिया पंचकुंडी निवासी कांतिलाल डामोर ने 19 मई को रिपोर्ट में बताया कि उसके ससुराल मेवडा में शादी थी। जिसके चलते वह अपनी पत्नी शारदा के साथ मेवडा गया था। इस दौरान नाचने की बात को लेकर उसके साले प्रकाश रोत का गांव की कुछ लडकों से झगडा हो गया था। झगडे के दौरान शारदा बीच बचाव के लिए गई थी। इस दौरान प्रकाश एक लट्ठ से किसी युवक को मार रहा था। जिसके बीच में शारदा आई गई ओर लट्ठ उसके सिर पर लगा सिर पर गंभीर चोट लगने से शारदा की मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था,लेकिन आरोपी भाई फरार चल रहा था। पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए फरार चल रहे आरोपी भाई प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

# 13 करोड़ की साइबर ठगी के मामले का मुख्य आरोपी पकड़ा

**बांसवाड़ा,** (निसं)। साइबर थाने ने बड़ी सफलता दर्ज कराते हुए लगभग 13 करोड़ रूपये की साइबर ठगी करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पूर्व में ही बैंक उपशाखा प्रबंधक सहित दो जनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। ध्यान रहे कि यस बैंक की स्थानीय शाखा में परिचितों के खाते खुलवाये गये थे इन निष्क्रिय बैंक खातों का उपयोग साइबर धोखाधडी में किया जाता रहा। पुलिस ने मामले में 11 बैंक खाताधारकों के विरूद्ध देश के विभिन्न राज्यों में 44 साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज होने की भी जानकारी दी।

साइबर थानाधिकारी देवीलाल

■ **बैंक उपशाखा प्रबंधक सहित दो हो चुके हैं पूर्व में गिरफ्तार**

मीणा ने बताया कि साइबर क्राईम पुलिस महानिदेशक, एससीआरबी एवं तकनीकी सेवाएं से प्राप्त संदिग्ध चैक विड्रॉल के संबंध में चैक विड्रॉल कराने वाले व्यक्ति एवं इस अनैतिक कार्य में सहायक बैंककर्मी आदि पर विधिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश मिले थे। जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अठावाला, एएसपी डॉ. राजेश भारद्वाज के निकट सुपरविजन में साइबर थानाधिकारी देवीलाल मीणा के नेतृत्व में साइबर थाना टीम ने गोपनीय रूप से प्राप्त निर्देशों के अनुसार सूचनाएं संकलित कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। जिले में कुछ लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर लगभग 15 करोड़ रूपयों के देश के विभिन्न राज्यों के लोगों के साथ ऑनलाईन साइबर धोखाधडी कर लोगों को अलग-अलग मामलों में फंसाने, गिरफ्तार करने का भय दिखाकर ऑनलाईन अवैध वसूली कर अन्य लोगों के बैंक खातों में रूपये डलवाकर उन्हें बैंक खाताधारकों के नाम जारी चेकों पर फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक कार्मिक की मिलीभगत से करोड़ों रूपये केश में निकाले जाने का इनपुट प्राप्त होने से खुफियां जांच जारी रखी गयी। इसी दौरान संदेश पुत्र अजीत कुमार शाह निवासी डडूका एवं उसके भाई तनेश शाह ने साइबर थाने में रिपोर्ट दी कि आमजा निवासी दिव्यांशु सिंह ने उसके यस बैंक में कार्यरत होने के दौरान यारी-दोस्ती का हवाला देकर इन लोगों के पास पहले से ही तीन-चार बैंक खाते होने के बावजूद टारगेट का हवाला देकर दोनों भाइयों से एक-एक बैंक खाते खुलवाया। इन दोनों खाताधारकों के पास पहले से ही गढ़ी परतापुर में बैंक खाते थे। जिसके चलते बांसवाडा वाले खाते में ज्यादा लेनदेन न होने से खाते बंद करवाने का आठाह किया। दिव्यांशु सिंह ने इनके परतापुर स्थित प्रतिष्ठान पर पहुँच कर खाता बंद करवाने के बहाने चैक बुक एवं एटीएम प्राप्त कर लिए लेकिन खाता बंद नहीं किया और इनका उपयोग साइबर अपराध में करते हुए लाखों रूपयें निकाल लिए। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान एक अन्य पीडित कलाल शीतल बेन डडूका ने भी इसी प्रकार की घटना दिव्यांशुसिंह वगैरा के साथ करना बताया। पुलिस ने अनुसंधान किया तो पता चला कि दिव्यांशु पुत्र लोकेन्द्र सिंह सोलंकी निवासी आमजा वर्ष 2022 में यस बैंक बांसवाड़ा में अस्थाई कर्मचारी था।




पुलिस ने साइबर ठगी के मामले कामुख्य आरोपी गिरफ्तार किया।

## निगम ने शुरू की फॉगिंग

**उदयपुर,** (कासं)। नगर निगम द्वारा मच्छर जनित रोगों की रोकथाम को लेकर शहर के कई वाडी में सोमवार से फॉगिंग शुरू करवाई गई है। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि शहर में मच्छर जनित रोग की रोकथाम हेतु नगर निगम उदयपुर एवं चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार से फॉगिंग शुरू की गई है। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अधिशाषी अभियन्ता यांत्रिक लखनलाल बैरवा को सौंपी गई है। बैरवा के अनुसार इस बार शहर में सुबह व शाम दोनों समय फॉगिंग करवाई जाएगी जिससे पूरे शहर में जल्द से जल्द कार्य संपन्न करवाए जा सके। सोमवार को शहर के वार्ड 21,22,27,28 में फॉगिंग करवाई गई।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारीगण श्री मोहम्मद यासीन पिता श्री जमालुउद्दीन, उम्र वयस्क, एवं श्रीमती आबेदा खातून पत्नी श्री मोहम्मद यासीन उम्र व्यस्क, सर्वनिवासी 207, कलाल वाटिका, छीपों का मोहल्ला, आयड़, जिला उदयपुर (राज) के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार यह आम सूचना दी जा रही है कि मेरे व्यवहारीगण का पुत्र श्री मोहम्मद साजिद व उसकी पत्नी नाजू जोकि मेरे व्यवहारीगण के कहने में नहीं है। उनके द्वारा आये दिन मेरे व्यवहारीगण को झूठे मामलो में फंसाने की झूठी धमकियां देने तथा समझाईश के बावजूद परिवार की मान मर्यादा के विरूद्ध कृत्य निरंतर किये जा रहे है, मेरे व्यवहारीगण का पुत्र मोहम्मद साजिद व उसकी पत्नी नाजू अन्यत्र किराये के मकान में निवासरत है एवंम् आये दिन मेरे व्यवहारीगण से घर आकर लड़ाई झगड़ा करते है इनके अवैधानिक कृत्यों से मेरे व्यवहारीगण दुखी हो गये है। अत मेरे व्यवहारीगण ने अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र मोहम्मद साजिद तथा उसकी पत्नी नाजू को बेदखल कर दिया है तथा सभी पारिवारिक संबंध पूर्णतया विच्छेद कर लिये है। मेरे व्यवहारीगण की सम्पत्ति में उनके पुत्र मोहम्मद साजिद व पुत्रवधु नाजू का कोई अधिकार व दखल नहीं रहेगा एवं उनके द्वारा मेरे व्यवहारीगण के हितों के विपरित कियेगये समस्त कृत्य/समव्यवहार शून्य एवं निष्प्रभावी माने जावेंगे एवं मेरे व्यवहारीगण के मुकाबले शून्य व बेअसर माने जावेंगे। सो सूचित रहे।

स्थान :- उदयपुर
दिनांक :- 02.06.2025

संजीव दत्त शुक्ला (एडवोकेट)
कार्यालय: 22, कंचन विहार हिरणमगरी
सेक्टर नंबर 4, उदयपुर (राज.)
मो.नं.9352503738,9352489107

**आम सूचना**

मैं मेरे व्यवहारी श्रीमती माया सेन पत्नी शंकर लाल सेन निवासी 10, सत्यदेव कॉलोनी, सविना, गिर्वा, उदयपुर राजस्थान से प्राप्त हिदायत एवं निर्देशानुसार हर आम व खास को सूचित करता हूं कि यह कि मेरी व्यवहारीया के क्रय शुदा एक कृषि भूखण्ड वाके सविना, उदयपुर राजस्थान में स्थित है। जिसके खाता संख्या 634 व आराजी संख्या 354 रकबा 0.1300है, 355 रकबा 0.0500 है, 358 रकबा 0.9300 है, में मेरी व्यवहारीया का 1/67 वां हक व हिस्सा है। जिसकी भूखण्ड संख्या 316 थी जो कि वर्तमान में 10 है। उक्त भूखण्ड को मेरी व्यवहारीया के द्वारा श्रीमती भगवती देवी पत्नी श्री जगदीश कोली से दिनांक 09/04/2002 को जरिये विक्रय इकरार खरीदा था मेरी व्यवहारीया से उक्त भूमि के असल कागजात कहीं गुम हो गया है। हर आम या खास को सूचित किया जाता है कि अगर किसी को भी उक्त समस्त दस्तावेज मिले तो मेरी व्यवहारीया को लौटा देवे और उक्त दस्तावेजों का दुरूपयोग नहीं करे। सो सूचित रहे। (डालचन्द मेघवाल) एडवोकेट

स्थानःउदयपुर
52, कोलीवाडा, सूरजपोल अन्दर, उदयपुर (राज.)
दिनांक:02.06.25 मो.9414471904


## अवैध अफीम डोडा चुरा खरीदने का प्रयास करने वाले 6 जने दबोचे

**उदयपुर,** (कासं)। फतहनगर थाना पुलिस ने अवैध डोडा चुरा की वाणिज्यिक मात्रा में खरीददारी करने का प्रयास करने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर फतहनगर थानाधिकारी चन्द्रशेखर किलानिया के नेतृत्व में गठित मय दल मुखबीर से फतहनगर सनवाड़ से रेलमगरा हाईवे पर स्थित न्यू महादेव होटल पर बडी मात्रा में अवैध डोडा चुरा की वाणिज्यिक मात्रा में खरीद फरोख्त होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। जहां मौजूद कार में न्यू महादेव होटल मालिक शंकरलाल , कैलाश गाडरी तथा अन्य कार में सवार देवीलाल गाडरी, करण गायरी तथा अन्य कार में सवार, विपिन उर्फ मांगीलाल गोस्वामी, रतनलाल गाडरी मिले।

पूछताछ में आरोपियों ने बडी मात्रा में अैधध डोडा चुरा खरीदने के लिए जाने की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे सेकार व उसमें रखा अवैध डोडा चुरा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। माल खरीदने से पहले आरोपी सेम्पल को देखते उसके बाद ही माल खरीदने का सौदा तय करते थे। आरोपी विपिन के खिलाफ पूर्व में रतनलाल के खिलाफ तीन, करण गायरी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का एक, देवीलाल व देवीलाल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के दो-दो प्रकरण तथा कैलाश के खिलाफ तीन अपराधिक प्रकरण पूर्व में दर्ज है।

### चार गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने हत्या के मामले में तीन माह से फरार चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार गत 2 मार्च को लालूराम व लक्ष्मण गमेती बाइक पर गोगुन्दा से पडावली की तरफ जा रहे थे। जहां बीच रासते में 13 लोगों ने दोनो को रोक कर मारपीट की तथा लालूराम को पुलिया ने नीचे फैक कर फरार हो गए थे। पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी श्यमासिंह के नेतृत्व में गठित दल ने फरार आरोपी पन्नालाल गमेती, धर्माराम गमेती, पप्पूलाल पुत्र मोतीलाल गमेती, प्रकाश गमेती निवासनी नाल गोगुन्दा को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।


**कार्यालय नगरपरिषद राजसमन्द, जिला राजसमन्द**

क्रमांक: न.प.रा./भू.रूपा./2025/3183 दिनांक: 28.05.2025

**आपत्ति सूचना पत्र**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि खातेदार श्री टीलुराम पुत्र श्री भंवरलाल नि. फरारा, श्री दीपक पुत्र चतरलाल भील नि. जावद, श्री मदनलाल पिता श्री केशुराम भील नि. कोसा बस्ती वासोल तहसील व जिला राजसमंद द्वारा राजस्व ग्राम जावद आराजी संख्या 910/3 रकबा 0.2914 हैक्टेयर, भूमि की जो प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द के निर्णय दिनांक 1943 दिनांक 05.08.2022 द्वारा 90-क के तहत बिलानाम न.प.रा. दर्ज की स्वीकृति हो चुकी है, जिसमें निम्न आवेदकों द्वारा आवासीय प्रयोजनार्थ नियमन/आवंटन कराने हेतु आवंटन शपथ पत्र के आधार पर आवेदन किया है।

| क्र.सं. | नाम आवंटी का | भू.सं. | वर्गमीटर |
|---|---|---|---|
| 01 | 1- श्री रघुनाथ प्रसाद खिंची, पिता श्री मगनीराम खिंची निवासी कलालवाटी राजनगर तहसील व जिला राजसमन्द। 2- श्रीमती राजबाला शाकद्वीपीय पत्नी स्व. महावीर प्रसाद शर्मा निवासी किसान मोहल्ला कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द। | 01 | 212.36 |
| 02 | श्रीमती पुजा शर्मा पुत्री श्री राजेन्द्र औधिच्य निवासी कृष्णा नगर भीलवाड़ा रोड़ कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द। | 04 | 84.13 |
| 03 | श्री जितेन्द्र कुमार सामोता पिता श्री बंशीलाल सामोता निवासी मावली तहसील मावली जिला उदयपुर। | 09 | 83.64 |

अत: इस संबंध में किसी हितकारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना जारी तिथि के 7 दिवस में लिखित में मय सबूत दस्तावेज के परिषद में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मयाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द


# प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत का किया सम्मान



कुलपति पद पर 13 पूर्ण करने पर कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत का सम्मान किया।

**उदयपुर** (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत के कुलपति के पद पर 13 वर्ष पूर्ण कर 14 वें वर्ष में प्रवेश करने पर सोमवार को शहर के सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी एवं विद्यापीठ के तीनों परिसरों के कार्यकर्ताओं ने प्रो. सारंगदेवोत का पगडी, उपरणा, बुके देकर सम्मान किया।

इससे पहले प्रो. सारंगदेवोत ने संस्थापक जनुभाई की प्रतिमा व माँ सरस्वती की मुर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर आशीर्वाद लिया। प्रो. सारंगदेवोत ने कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए अपने 13 वर्ष के विकास कार्यो को कार्यकर्ताओं को समर्पित करते हुए कहा कि विपरित परिस्थितियों में 2012 में कुलपति का पदभार ग्रहण किया। पिछले 13 वर्षो से विद्यापीठ के शुभचिंतकों व समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने निस्वार्थ भार से कंधे से कधा मिलाकर हर समय साथ दिया है। इसी की बदौलत आज संस्था देश ही नहीं विश्व पटल पर अपनी अग्रणी भूमिका का निरवहन कर रहा है।

इस दौरान विद्यापीठ ने शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में कई नये आयाम स्थापित किए है, जिसमें इस दौरान संस्थान में विधि महाविद्यालय, बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, फार्मेसी, हॉस्पीटल, एग्रीकल्चर, दो परिसर में कन्या महाविद्यालय, विज्ञान महाविद्यालय, आईआईआरएफ रेकिंग में राजस्थान में प्रथम, युनिरेंक में उदयपुर में प्रथम, 150 से अधिक पेटेंट, 15०बेड का अत्याधुनिक हॉस्टल, स्पोर्टस ग्राउंड जैसे कई नये आयाम स्थापित किया है।


**सूचनार्थ**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC-4(06)/MIN/R.EC/1207 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या EC25C0108RJ5824160N दि. 27.02.2025 के द्वारा मेसर्स राज मिनरल क्रशिंग प्लांट को नि. ग्रा. बांसलिया, तहसील - बड़गांव, उदयपुर में स्थित खनन पट्टा M L No. 17/1995 क्षेत्र 1.00 हेक्टेयर वास्ते खनिज मेसेनरी स्टोन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.environmentclearance.nic.in एवं https://parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।

**सूचनार्थ**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC-4(06)/MIN/R.EC/1318 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या EC25C0108RJ5717969N दि. 28.02.2025 के द्वारा मेसर्स राज मिनरल क्रशिंग प्लांट को नि. ग्रा. बांसलिया, तहसील - बड़गांव, उदयपुर में स्थित खनन पट्टा ML No. 97/1995 क्षेत्र 1.00 हेक्टेयर वास्ते खनिज मेसेनरी स्टोन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.environmentclearance.nic.in एवं https://parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।

**सूचनार्थ**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC-4(06)/MIN/R.EC/1315 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या EC25C0108RJ5684143N दि. 28.02.2025 के द्वारा मेसर्स राज मिनरल क्रशिंग प्लांट को नि. ग्रा. बांसलिया, तहसील - बड़गांव, उदयपुर में स्थित खनन पट्टा ML No. 18/1995 क्षेत्र 1.00 हेक्टेयर वास्ते खनिज मेसेनरी स्टोन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.environmentclearance.nic.in एवं https://parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।


### महिला गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। चौरासी थाना क्षेत्र के गैजी के फला टेम्बा निवासी शंकरलाल बोडात ने चौरासी थाना क्षेत्र में घर से तीन तोला सोने का हार चुराने के मामले में एक महिला को केसरीयाजी के पास बिलेख से गिरफ्ताार करने में सफलता मिली है। महिला ने फलाटेम्बा गांव में रात्रि में विश्राम करने के लिए एक दिन रुकी थी। घर में चोरी की जानकारी मिलने के बाद मामला दर्ज हुआ था।

# विकसित भारत 2047 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा विकसित मेवाड़ : सांसद डॉ. रावत

■ **विकसित मेवाड़ 2047 पर प्रस्तावित कार्यक्रम संवाद 2025 की रूपरेखा रखी सामने, मांगे सुझाव**

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ मन्ना लाल रावत ने कहा कि सशक्तए समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की पूर्ति में मेवाड़ क्षेत्र अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

लोकसभा सांसद के तौर पर अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सोमवार को यहाँ आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उन्होने यह बात कही। उन्होने कहा कि विकसित भारत में मेवाड़ की भूमिका के बारे में एक व्यापक संवाद का कार्यक्रम 8 जून को रखा गया है। विकसित भारत 2047 एक ऐसा लक्ष्य है जहां प्रत्येक नागरिक को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पानी और सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार प्राप्त होगा। इन अधिकारों की प्राप्ति में मेवाड़ क्षेत्र की भूमिका अहम होगी।

विकसित भारत 2047 के लिए विकसित मेवाड़ 2047 की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए सांसद डॉ रावत ने कहा कि मेवाड़ अपनी गौरवशाली संस्कृति, शौर्य और इतिहास के लिए विश्वप्रसिद्ध है। क्षेत्र की खनिज, होटल, कृषि, वन और हस्तशिल्प के क्षेत्र में दुनियाभर में पहचान है। यहां की अर्थव्यवस्था तीन टी अर्थात टूरिस्ट,ट्राइबल व ट्रांसपोर्ट पर आधारित है। इसमें तीन टी अर्थात टेक्नोलॉजी,ट्रेड व ट्रेनिंग को जोड़ने की आवश्यकता है। ऐसा करके हम प्रधानमंत्री के विजन ष्विरासत भी विकास भीष् के साथ लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकते हैं। महाराणा प्रताप के जुड़े ऐतिहासिक स्थलों के विकास को गति देने की बात कहते हुए डॉ रावत ने कहा कि मेवाड़ की ऐतिहासिक धरोहर विश्वभर से पर्यटकों को खींचती है,ऐसे में यह स्थल विरासत के संरक्षण के साथ ही यह आर्थिक दृष्टि से भी मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। सौर ऊर्जा की व्यापक संभावना व्यक्त करते हुए उन्होने कहा कि क्षेत्र में वर्ष में लगभग तीन सौ दिन सूर्य की रोशनी उपलब्ध रहती है जिसे उपयोग में लाया जाना चाहिए। कृषि में रूपान्तरण के संबंध में चर्चा करते हुए डॉ रावत ने कहा कि क्षेत्र में बहुतायत से पाये जाने वाले सीताफल की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए टिश्यू कल्चर पर कार्य करने के लिए आईसीएआर ;भारतीय कृषि अनुसंधान परिषदद्ध से चर्चा हुई है। दक्षिण भारत से उदयपुर से सीधे रेल सम्पर्क के बारे में बताते हुए उन्होने कहा कि शीघ्र ही उदयपुर को ऐसी ट्रेनों की सौगात मिलेगी जो उदयपुर को सीधे दक्षिण भारत के बड़े नगरों से जोड़ देगी। इससे यहां के व्यापारए उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में तेजी से विकास होगा।प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों ने विलेज टूरिज्म, स्मार्ट सिटी के कार्यो, अंदरूनी शहर में पानी की सप्लाई आदि विषयों पर सवाल किए और समस्याओं के समाधान को लेकर अपने सुझाव भी रखे। सांसद डॉ रावत ने सभी सुझावों का स्वागत करते हुए समस्याओं के समाधान कि दिशा में कार्य करने का आश्वासन दिया।

### जेवरात व नकदी चोरी, मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। सुखेर थाना क्षेत्र में सूने मकान से चोर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलक विहार सुखेर निवासी भुपेन्द्रसिंह पुत्र तेतहसंह चुण्डावत ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 31मई को मै। परिवार सहित सामाजिक कार्यक्रम मं गया था रात में वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरोंमें सामान बिखरा पड़ा था। इस पर तलाश की तो साने का मंगलूसत्र, आड़, नथ, कान के टॉप्स, रकड़ी, चुडियां, चोदी की पायल, सिक्के बिछिया तथा 75 हजार रूपये नकदी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएएसआई लालसिंह कर रहे हैं।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व महिला पर्यवेक्षकों को मोबाइल फोन बांटे

**उदयपुर,** (कासं)। आंगनवाड़ी केंद्रों पर दी जाने वाली सेवाओं के प्रभावी मोनिटरिंग के लिए आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं महिला पर्यवेक्षकों को मोबाइल फोन वितरित का शुभारंभ जिला कलक्टर नमित मेहता एवं उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास एनएल मेघवाल ने किया।

इस अवसर पर मेघवाल ने बताया कि पोषण ट्रेकर एप की प्रभावी मोनिटरिंग के लिए जिले में 2477 मोबाइल फोन आँगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं महिला पर्यवेक्षकों को वितरण किये जाएंगे। आँगनवाडी केंन्द्रों पर दी जाने वाली सेवाएं यथा पूरक पोषाहार, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शाला पूर्व शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा, देखरेख, वृद्धि निगरानी, स्वास्थ्य जाँच, टीकाकरण आदि की प्रभावी मोनिटरिंग इन स्मार्ट फोन के माध्यम से की जायेगी। आंगनबाडी केन्द्रों के लाभार्थी जो कि गर्भवती/धात्री माताएं, 6 माह से 6 वर्ष के बालक जिनको पोषाहार और प्री स्कूल शिक्षा आंगनबाडी केन्द्रों पर प्रदान की जाएगी। उक्त सभी सेवाओं की मोनिटरिंग पोषण ट्रेकर एप्प के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। जिले में वर्तमान में 2368 आंगनवाडी केन्द्र संचालित हैं तथा 13 बाल विकास परियोजनाएं हैं तथा जिले में लाभार्थी 6 माह से 6 वर्ष के 129526 बालक तथा गर्भवती/ धात्री माताएं 21495 हैं। स्मार्टफोन के माध्यम से गर्भवती/धात्री महिलाओं को षत प्रतिषत पोशाहार वितरण कर डाटा एण्ट्री 6 माह से 3 साल तक बच्चों को पोशाहार वितरण, वृद्धि निगरानी पर मोनिटरिंग, अतिकुपोषित बच्चों की मोनिटरिंग, कुपोषित बच्चों की मोनिटरिंग,आधारभूत संरचना अन्तर्गत शौचालय एवं पेयजल सुविधाओं की मोनिटरिंग की जाएगी।

# धोइंदा में मेले का समापन

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर उपनगर धोइंदा में स्थित राज राजेश्वरी मां धुंधलाज माताजी का विशाल मेला इस वर्ष भी हर वर्ष की तरह बडे ही धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस बार के मेले में विशेष उत्साह देखने को मिला, जिसका श्रेय नगर परिषद द्वारा मेले के आयोजन में आर्थिक सहयोग दिए जाने के ऐतिहासिक निर्णय को जाता है।

मेले के दौरान धुंधलाज माता जी के विशेष श्रृंगार के दर्शन कर हजारों श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ लिया। बच्चों के आकर्षण का केंद्र रही चकरी डॉलर, विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों की दुकानें और खिलौनों की दुकानों पर भारी भीड देखी गई, जिससे मेले में चार चांद लग गए। आसपास के क्षेत्रों से आए क्षेत्रवासियों ने बडे उत्साह के साथ मेले में भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासमय हो गया। गौरतलब है कि इस वर्ष नगर परिषद द्वारा पहली बार मेले के आयोजन में आर्थिक सहयोग दिए जाने के निर्णय से क्षेत्रवासियों में अपार खुशी है। इसी खुशी के उपलक्ष्य में माताजी मंदिर समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल धनारिया और भोपाजी शंकरलाल सहित समस्त ग्रामवासियों ने सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार नगर परिषद सभापति अशोक टांक सहित सभी जनप्रतिनिधियों और अतिथियों का पगडी और इकलाई पहनाकर भव्य स्वागत किया। यह सहयोग मेले के भव्यता और सफलता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। मेला समिति ने इस ऐतिहासिक सहयोग के लिए नगर परिषद का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे सहयोग से धार्मिक और सामाजिक आयोजनों को और अधिक भव्यता प्रदान की जा सकेगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रामा**
**पंचायत समिति बडगांव, जिला-उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:-ग्रापरा/2025-26/50 दिनांक-21.05.2025

**-:ई निविदा सूचना वर्ष 2025-26:-**

ग्राम पंचायत रामा में विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु इच्छुक एवं सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ई निविदा द्वारा निविदाएं दिनांक 9/6/25 तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN -ZUD2526WSOB00622

प्रशासक
ग्राम पंचायत रामा
पं.स.बड़गांव, जिला-उदयपुर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रामा
पं.स.बड़गांव, जिला-उदयपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत , मादडी**
**पं.स. फलासिया, जिला-उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:GP /2025-26/SPL-01 दिनांक-02.06.2025

**ई निविदा (निविदा सुचना संख्या/2025-26)**

ग्राम पंचायत मादड़ी में ग्राम पंचायत के लिये महात्मा गांधी नरेगा तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग एवं अन्य योजनान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री उपापन की निविदायें दिनांक 03.06.2025 प्रात:10:00 बजे से दिनांक 18.06.2025 सांय 6:00बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा सुचना व पंचायत वार विवरण तथा विस्तृत शर्ते एवं पूर्ण विवरण वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। UBN =ZUD2526GLOB00737
UBN / Tender ID =2025_PRD_474558-1
NIB Code=ZUD2526A0608

सरपंच (प्रशासक)
ग्राम पंचायत मादड़ी
पंचायत समिति फलासिया

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मादड़ी
पंचायत समिति फलासिया

**भारत सरकार**
**आयुष मंत्रालय**

राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार 2025 के लिए आयुर्वेद विशेषज्ञों से आवेदन/नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं। यह पुरस्कार आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया है। यह पुरस्कार भारतीय चिकित्सा पद्धित राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 अथवा भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के अनुसार, योग्यता रखने वाले आयुर्वेद विशेषज्ञों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने आयुर्वेद के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पुरस्कार विजेताओं को 23 सितंबर 2025 को मनाए जाने वाले 10वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विवरण राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल, http://awards.gov.in गृह मंत्रालय पर देखा जा सकता है। तदनुसार आवेदन / नामांकन 30 जून 2025 तक जमा किए जा सकते हैं।

CBC 17201/11/0002/2526